# ENGINEERING COLLEGE BHARATPUR

(A Constituent College of Rajasthan Technical University Kota)

# PLACEMENT BROCHURE





## Engg. Branch

- Computer Science & Engg.
- Mechanical Engg.
- Electronics & Communication Engg.
- Civil Engg.
- Electrical Engg.
- Artificial Intelligence and Data Sciences

**Website: www.ecbharatpur ac.in | Phone No.: +91 5644 234911**

Village Shyorana, Near NH – 11, Bharatpur – Rajasthan, 321303

Mr. Dhawal Vyas
Principal



It is a matter of immense pride and satisfaction to witness the growing presence of our graduates across a wide spectrum of the private sector — from cutting-edge software development and data science to core engineering, business analytics, and emerging technologies.

Our students are contributing meaningfully to some of the most reputed organizations in the country and abroad, including Infosys, Wipro, TCS, Bosch, Accenture, HCL, EPAM Systems, and many promising startups. This is a clear reflection of their talent, adaptability, and the robust academic foundation laid here at our institution.

The private sector today demands not only technical proficiency but also innovation, collaboration, and a problem-solving mindset. I am proud to say that our students continue to meet and exceed these expectations. Their success is not just their own, but a shared achievement of our faculty, training teams, placement cell, and the entire academic ecosystem that supports and shapes them.

As an institution, we remain committed to nurturing industry-ready professionals who are prepared to take on real-world challenges and grow into responsible leaders of tomorrow.

To our industry partners — thank you for your trust. To our students — keep learning, keep growing, and never stop striving for excellence. The journey has just begun.

# Our Alumni

## Government Sector

**Engineering & Infrastructure**

- Aniruddha Veer Singh – Project Officer, RSRDC, Bharatpur
- Brij Mohan – Executive Engineer
- Satyapal Singh – J.En, PHED Bharatpur
- Pawan Gupta – A.En, Local Self Government
- Upendra Singh Dhakarey – Assistant Project Manager
- Mukesh Kumar – NHIDCL
- Anil Kumar Jakhar – Assistant Engineer, PHED Rajasthan
- Vaishali Bansal – Assistant Engineer, PHED
- Dinesh Singhmar – J.En, WRD Rajasthan
- Ramveer Jat – JE (Civil), Border Roads Organization
- Devendra Sharma – Assistant Engineer
- Kuldeep Vedwal – J.En, WRD Rajasthan
- Tarun Yadav – Junior Engineer, RRVUNL

**Public Services & Administration**

- Amit Singhal – AAO, Indian Audit and Accounts Department
- Rahul Shrivastava – Government Assistant
- Vijay Kumar Gurjar – Commercial Tax Department
- Ramesh Kumar – Sr. Assistant Loco Pilot, Indian Railways
- Mayank Vyas – Sr. Assistant Loco Pilot, Central Railways
- Rajesh Garhwal – Sub-Inspector, BSF
- Vikas Dubey – Inspector Posts, Ministry of Communications
- Vijendra Diwach – Sub Inspector, Delhi Police
- Anirudh Singh Tomar – Train Manager, Indian Railways
- Ashish Kumar – JE/Electrical, Eastern Railway

# Our Alumni

## Government Sector

**Ministry of Labour and Employment – Junior Engineers**

- Govind Jarwal
- Irfan Khan
- Mukesh Kumar Bugaliya
- Kunver Singh
- Yogesh Beniwal

**Other Govt Roles**

- Yatindra Kumar – Assistant Development Officer, MSME
- Arun Meena – Informatics Assistant, DTO Chomu
- Mohit K. Tiwari – IA, SI&GPF Bharatpur (Govt of Rajasthan)
- Shiva Garg – CMHO Office, Sri Ganganagar
- Ankit Kumar Katara – Computer Instructor
- Sandeep Singh Naruka – Computer Instructor
- Neeraj Jain – Bank of Baroda
- Nitesh Nama – Bank of Baroda
- Richa Agarwal- Baroda Rajasthan Kshetriya Gramin Bank

## RESEARCH & ACADEMIA

- Bhavana Sharma – Assistant Professor, DIT University, Dehradun
- Deepika Choudhary – Research Scholar (BITS Pilani / TU Braunschweig)
- Gurpreet Singh – Scientist/Engineer-SC, VSSC, ISRO

# Our Alumni

## Private Sector

**Software Engineers / Developers**

- Vineet Gupta – Senior Software Engineer, Wipro Ltd
- Abhinandan Kumar – System Engineer, Infosys
- Anirudha Komerwar – System Engineer, TCS
- Sumit Saini – System Engineer, TCS
- Vivek Kumar – Systems Engineer, TCS
- Rohit Kumar – Software Engineer
- Pawan Singh – Associate Software Engineer
- Rohan Singh – Associate Software Engineer, Tech Mahindra
- Harendra Singh – Software Developer, CodeTalentX
- Deepak Rajpoot – Developer
- Ankit Sharma – Android Developer
- Aman Pathak – Network/NOC Engineer, Airtel
- Sahil – Machine Learning Engineer / Data Scientist
- Mohit Agrawal – Senior Data Analyst
- Ayush Srivastava – HCL
- Avanish Kumar – EPAM Systems
- Devendra Singh – Senior Cloud Operation Engineer
- Rohan Singh – Associate SE
- Hemant Kumar – MDM/PIM Consultant, Infosys
- Neeraj Kumar – ETL/DWH Testing, Infosys
- Harsh Mishra – Big Data Consultant
- Suryansh Raghuwanshi – Full Stack Developer, Solve Fixed Income

# Our Alumni

## Private Sector

**Technology Leads & Managers**

- Amrendu – Technical Lead - Barnes & Noble Inc.
- Ankit Shukla – Lead Software Engineer, Johnson Controls
- Ankit Shukla – Lead Engineer
- Varun Kumar – Engineering Manager

**Digital & Analytics**

- Piyush Goyal – Digital Specialist Engineer, Infosys
- Piyush Sharma – Digital Specialist Engineer, Infosys
- Abhishek Tiwari – Senior Associate Consultant, Infosys
- Lumbha Ram – System/Software Engineer, TCS
- Ritika Bansal – Analyst, Accenture
- Suman Pali – Application Developer, Accenture
- Jitendra Devnani – Digital Marketing Manager
- Sakshi Mohaniya – Programmer Analyst
- Ramakant Jangir – System Assistant
- Dixit Soni – Assistant Programmer
- Preeti Gupta – MIS Executive

**Mechanical / Electrical / Design Engineering**

- Hari Darshan Lamba – Senior Design Engineer, Water Supply & Sewerage
- Prayag Chaudhary – Electrical Design Engineer, Gruner Renewable Energy
- Deepak Kumar – Quality Inspection Engineer, Victora Auto
- Gautam Bikrant – Assistant Manager QA, Motherson Group
- Kirti Agrawal – Trainee Quantity Surveyor, Callidus Engineering

# Our Alumni

## Private Sector


**Business & Management**

- Sarthak Arora – Business
- Aashish Kumar Dhakar – Business Development Associate
- Udayan Srivastava – Business Operations, PlanetSpark
- Pulkit Bhardwaj – Project Executive, Cognus Technology
- Yash Tak – Founder, Create Curve Pvt. Ltd.

**Others / Miscellaneous**

- Gaurav Pahadiya – Station Master, Agra Division
- Rishi Gautam – DCM Shriram Ltd
- Aman Pathak – NOC Engineer, Airtel Digital

# Placement Cell




The college has seen participation from various companies in its placement drives. Students have been placed in roles across different domains, including marketing, HR, and finance. The average salary package offered to students is reported to be around ₹3 to ₹6.5 LPA.

**Newspaper cutting and Photo**

# रूप पोलिमर लिमिटेड कम्पनी द्वारा विद्यार्थियों का तीन लाख रूपये सालाना पैकेज पर किया चयन



**गर्वित हिन्दुस्तान**

**भरतपुर।** अभियांत्रिकी महाविद्यालय, भरतपुर में रूप पोलिमर लिमिटेड गुडगांव कम्पनी को इंजीनियरिंग संकाय मैकेनिकल एवं इलैक्ट्रिकल डिग्री, डिप्लोमा के अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत एवं उत्तीर्ण छात्र-छात्रों को रोजगार देने हेतु महाविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेंसमेंट विभाग द्वारा 21.02.2025 को आमंत्रित कर कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि उक्त कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में अभियांत्रिकी महाविद्यालय, भरतपुर के अलावा श्री गोकुल वर्मा राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भरतपुर, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भरतपुर, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय उच्चैन, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय करौली, एवं आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज आगरा, हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी कॉलेज आगरा एवं बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज, मथुरा के विद्यार्थियों द्वारा भी भाग लिया गया। उक्त कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों का कम्पनी एच.आर. संकल्प पाठक ,रश्मिका शर्मा तथा टेक्निकल टीम रूपेश सागर, अनिल, गगनदीप सिंह, मणि खत्री द्वारा सुबह 10 बजे से प्री प्लेसमेंट टॉक, रिटिन टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन एवं एच आर इंटरव्यू के आधार पर चयन किया गया। कम्पनी द्वारा 3 विद्यार्थियों का चयन किया गया एवं 4 विद्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर से गुड्डू शर्मा, हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी कॉलेज आगरा से हरमन जोत एवं राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय करौली से उत्तम कुमार का कम्पनी द्वारा चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को मासिक वेतन के अलावा मेडिकल एवं खान-पीना, लोन आदि की सुविधाएं प्रदान की जायेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता ने चयनित हुए तीनों विद्यार्थियों को बधाई दी और बताया कि आगे भी देश की जानी मानी कम्पनियां इस महाविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए आयेगी एवं इन कम्पनियों में सभी ब्रांच के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग के अधिकारी डॉ. राहुल श्रीवास्तव एवं डॉ. अरविंद सिंह चौधरी, डॉ. अखिलेश्वर पाण्डे, पीयूष चौवे, मोहम्मद सरफराज, सतीश कुमार, मधुसूदन तिवारी आदि मौजूद थे।

# Newspaper cutting and Photo

## इंजीनियरिंग कॉलेज के 11 छात्रों का अच्छे पैकेज पर चयन

भरतपुर @ पत्रिका. अभियांत्रिकी महाविद्यालय में मार्क एग्जॉस्ट सिस्टम्स लिमिटेड कम्पनी को बीटेक अन्तिम वर्ष एवं पासआउट छात्र-छात्रों को रोजगार देने हेतु महाविद्यालय में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग ने आमंत्रित किया। कम्पनी की ओर से संयुक्त रूप से राजकीय गोकुल वर्मा पॉलिटेक्निक तथा अभियांत्रिकी महाविद्यालय के मैकेनिकल ब्रांच के छात्रों के लिए प्लेसमेंट प्रक्रिया की गई। कम्पनी एचआर गौरव मलिक एवं शशिकांत साहू की ओर से महाविद्यालय के मैकेनिकल ब्रांच के लगभग 35 छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन एवं साक्षात्कार लिया गया। इसके तहत अभियांत्रिकी महाविद्यालय के 11 विद्यार्थियों का



भरतपुर. कैंपस प्लेसमेंट में चयन के बाद खुशी मनाते राजकीय अभियांत्रिकी कॉलेज के विद्यार्थी।

(अंकित लवानियां, सुनील जाटव, भरत शर्मा, अभिषेक तिवारी, चिराग, पीयूष शर्मा, आदर्श, शैलेन्द्र, आलोक कुमार मीणा, शशि कुमार योगी एवं विक्रम कुमार सिसौदिया ) तथा पॉलिटेक्निक के तीन छात्रों का चयन किया गया। चयनित हुए विद्यार्थी अपनी बीटेक अन्तिम वर्ष की परीक्षा उत्तीण कर मार्क एग्जॉस्ट सिस्टम्स लिमिटेड कम्पनी में अपना रोजगार प्रारंभ करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता की ओर से सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई।

## अभियांत्रिकी महाविद्यालय के 7 छात्रों का हुआ 4.50 लाख सालाना पैकेज पर चयन

गर्वित हिन्दुस्तान

भरतपुर। अभियांत्रिकी महाविद्यालय में पाई इन्फोकॉम प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी को बी.टेक. अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्रों को रोजगार देने हेतु महाविद्यालय में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग द्वारा आमंत्रित किया गया। कम्पनी निदेशक विजय कुमार जयसवाल द्वारा महाविद्यालय के सभी ब्रांच के लगभग 65 छात्र-छात्राओं का लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन एवं साक्षात्कार लिया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय के 7 विद्यार्थियों का चयन पाई इन्फोकॉम प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में लगभग 4.50 लाख के पैकेज पर किया गया। पाई इन्फोकॉम प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में चयनित होने वाले विद्यार्थियों में से 01 विद्यार्थी मैकेनिकल, 01 विद्यार्थी इलैक्ट्रीकल, 01 विद्यार्थी सिविल इंजीनियरिंग, 03 विद्यार्थी कम्प्यूटर साइंस व 01 विद्यार्थी इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन विभाग से थे। चयनित हुए विद्यार्थी अपनी बी.टेक अन्तिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर पाई इन्फोकॉम प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में अपना रोजगार प्रारम्भ करेगें। महाविद्यालय में इस कम्पनी द्वारा छात्र-छात्राओं को रोजगार मिलने से महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उत्साहित है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता द्वारा सभी चयनित विद्यार्थी को बधाई दी एवं डॉ. नवीन झा द्वारा उक्त संचालन में अपना सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग के अधिकारियों राहुल श्रीवास्तव एवं डॉ. प्रमोद कुमारी ने बताया कि आगे भी देश की जानी मानी कम्पनियां इस महाविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए आयेगी एवं इन कम्पनियों में सभी ब्रांच के विद्यार्थी भाग ले सकेगें। इस अवसर पर अजमत खान, सतीश, दीपक शर्मा, देवेन्द्र मीणा मौजूद थे।



# Newspaper cutting and Photo

## इंजीनियरिंग कॉलेज के 6 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट, 3 लाख का पैकेज

### टेक्निकल जी.के. राउण्ड और ग्रुप डिस्कशन, एच.आर. राउण्ड में छात्र-छात्राओं हुआ चयन

भास्कर संवाददाता|भरतपुर

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के छह स्टूडेंट्स का इंदौर मध्यप्रदेश व गुरूग्राम हरियाणा की कम्पनी में प्लेसमेंट के जरिए अच्छे पैकेज पर चयन हुआ है। कालेज प्राचार्य डा. रवि गुप्ता ने बताया कि इंजीनियरिंग कालेज के स्टूडेंट कौस्तुभ त्रिवेदी, अभिषेक शर्मा, निशांत शर्मा का ट्रेड इंडिया रिसर्च कम्पनी इंदौर ने 3 लाख के पैकेज पर चयन किया है। इसके अलावा स्टूडेंट लक्ष्मण सिंह, मयंक चतुर्वेदी, ऋषभ सिंह राठौर का वन पाइंट वन सोलूशनस गुरुग्राम हरियाणा की कम्पनी ने अच्छे पैकेज पर चयन किया है।

कम्पनी ट्रेड इंडिया रिसर्च ने राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा एवं कम्पनी वन पाइंट वन सोलूशनस हरियाणा ने आगरा में प्लेसमेंट ड्राइव करवाई थी। जिसमें इंजीनियरिंग कालेज भरतपुर से विद्यार्थियों ने भाग लिया था। चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों में की गई, जिसमें सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं का वर्बल एबिलिटी टेस्ट लिया गया। इसके बाद टेक्निकल जी.के. राउण्ड व ग्रुप डिस्कशन, एच.आर. राउण्ड में छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

ट्रेड इंडिया रिसर्च कम्पनी इंदौर में चयनित होने वाले विद्यार्थी कौस्तुभ त्रिवेदी, अभिषेक शर्मा, निशांत शर्मा (मैकेनिकल) ब्रांच एवं कम्पनी वन पाइंट वन सोलूशनस हरियाणा में चयनित होने वाले विद्यार्थी लक्ष्मण सिंह, मयंक चतुर्वेदी (इलेक्ट्रिकल), ऋषभ सिंह राठौर (सिविल) अपनी बी.टेक अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंदौर मध्यप्रदेश एवं गुरूग्राम हरियाणा में अपना रोजगार प्रारंभ करेंगे। कालेज के स्टूडेंट्स को रोजगार मिलने से अन्य छात्र-छात्राएं भी उत्साहित हैं। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. रवि गुप्ता ने सभी चयनित विद्यार्थी को उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कालेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के अधिकारियों डा. अरुणा पाठक, राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि आगे भी देश की जानी मानी कम्पनी इस कालेज में प्लेसमेंट के लिए आएंगी एवं इन कम्पनियों में सभी ब्रांच के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इस अवसर पर प्लेसमेंट विभाग के सदस्य मनीष उपाध्याय, प्रीत लता, तुनिषा वार्ष्णेय, दीपक भोला, सतीश आदि मौजूद थे।

भास्कर 18/3/19

## इंजीनियरिंग कॉलेज में निर्माण सामग्री की क्वालिटी भी जांची जाएगी

मंडे पॉजिटिव

भास्कर संवाददाता| भरतपुर

शहरवासियों के लिए अच्छी खबर है। शहर में होने वाले सरकारी और निजी निर्माण कार्य के लिए मिट्टी और बिल्डिंग मैटेरियल की जांच के लिए उसे जयपुर एमएनआईटी या किसी और संस्थान नहीं भेजना होगा। जांच अब स्थानीय स्तर पर गवर्मेंट इंजीनियरिंग कालेज में हो सकेगी। कालेज को वर्ड बैंक से 10 करोड़ रुपए की सहायता मिली है, जिसमें से सिविल इंजीनियरिंग विभाग की लैब के लिए 70 लाख की लागत से 20 से अधिक मशीन व उपकरण क्वालिटी जांच के लिए खरीदे हैं। इनसे बिल्डिंग व सड़क मेटेरियल और मिट्टी की जांच करना स्टूडेंट्स तो सीखेंगे ही, साथ ही निर्माण एजेंसी, बिल्डर्स, आमजन को भी फायदा मिलेगा। सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष अमित दैया बताते हैं कि इन मशीनों से डामर की रोड में डामर की क्वालिटी, डामर की परत की मजबूती की जांच और कितना वजन झेलने की झमता की जांच हो सकेगी। नई बिल्डिंग बनाने से पूर्व उस स्थान की मिट्टी की ताकत या वजन झेलने की क्षमता का पता लगाया जा सकता है। उस मिट्टी पर कितने मंजिला बिल्डिंग खड़ी की जा सकती है, उसकी नींव किस प्रकार की होनी चाहिए आदि के लिए मिट्टी की जांच के उपकरण भी हैं। इसी प्रकार भवन निर्माण में गिट्टी, सरिया, बजरी, सीमेंट की सभी प्रकार की मजबूती की जांच के उपकरण व मशीन आई है।

### मास्टर डिग्री एमटेक में प्रवेश के गेट टैस्ट की तैयारी निःशुल्क

इंजीनियरिंग कालेज में स्नातक डिग्री बीटेक के अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स को मास्टर डिग्री एमटेक में प्रवेश के गेट टैस्ट की तैयारी भी जुलाई माह में सत्र शुरू होने पर निःशुल्क कराई जाएगी। ये तैयारी 3 माह में 300 घंटे की क्लास शुरू करके की जाएंगी। गेट परीक्षा से एमटेक में प्रवेश के साथ-साथ स्टूडेंट्स भारत सरकार के विभिन्न उपक्रमों में नौकरी पाने के लिए सीधे साक्षात्कार के लिए योग्य हो सकेंगे। ये तैयारी कालेज में कार्यरत फैकल्टी के अलावा बाहर से विशेषज्ञ बुलाकर कराई जाएगी।



### कोई भी करा सकेगा जांच, रिपोर्ट भी जल्द मिलेगी : डॉ. रवि गुप्ता



सिविल विभाग में बिल्डिंग व रोड के मेटेरियल और मिट्टी के सैंपलों की जांच कम खर्चे पर राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा की निर्धारित दर पर कोई भी निर्माण एजेंसी, बिल्डर्स व आमजन करा सकेगा। वह सैंपल जयपुर भेजने की परेशानी से बच सकेंगे और रिपोर्ट भी जल्दी प्राप्त कर सकेंगे। -डा. रवि गुप्ता, प्रिंसीपल गर्वमेंट इंजीनियरिंग कालेज भरतपुर

भास्कर [illegible]/3/19

## कॉलाब्रेटिव रिसर्च स्कीम के तहत कार्य करने को किया प्रोत्साहित

### राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित

भरतपुर @ पत्रिका. राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर में 10 मई2019 को नेशनल प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट (एनपीआईयू) के तहत एक वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग में एनपीआईयू नई दिल्ली के प्रोफेसर पीएम खोडके (सेन्टर प्रोजेक्ट एडवाइजर) द्वारा महाविद्यालय में टेक्यूप प्रोजेक्ट के अन्तर्गत कार्यरत शैक्षणिक सदस्यों एवं महाविद्यालय के नियमित शैक्षणिक सदस्यों की मीटिंग ली गई, जिसके अन्तर्गत सभी शैक्षणिक सदस्यों को कॉलाब्रेटिव रिसर्च स्कीम के तहत कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कॉन्फ्रेन्स में आए विशेषज्ञ प्रोफेसर उदय ए दबाडे और डॉ. रेखा रानी चौधरी द्वारा टेक्यूप से सम्बन्धित शैक्षणिक सदस्यों से महाविद्यालय में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता द्वारा बताया कि प्रत्येक शैक्षणिक सदस्य के द्वारा कॉलाब्रेटिव रिसर्च स्कीम के तहत नवीनतम इंजीनियरिंग में प्रोजेक्ट रिसर्च को 14 मई 2019 तक एआईसीटीई के पोर्टल पर आवेदन करना होगा। चयनित प्रोजेक्ट को रिसर्च के लिए 25-25 लाख रुपए अनुदान दिया जायेगा, जिससे भविष्य में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित हो सकेंगे। इस अवसर पर धवल व्यास, डॉ. नवीन झा, अमित दैया, डॉ. बीएल गुप्ता, प्रशांत बहेती आदि मौजूद थे।



भरतपुर. राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान मौजूद शैक्षणिक सदस्य।य।

पत्रिका 11/5/2019

पत्रिका 18/3/19

## 6 विद्यार्थियों का चयन



भरतपुर. राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर के छह विद्यार्थियों का ट्रेड इंडिया रिसर्च कम्पनी इंदौर व वन पाइंट वन सॉल्यूशन हरियाणा में चयन हुआ है। प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि कौस्तुभ त्रिवेदी, अभिषेक शर्मा, निशांत शर्मा का ट्रेड इंडिया रिसर्च कम्पनी इंदौर द्वारा तीन-तीन लाख के पैकेज पर और लक्ष्मण सिंह, मयंक चतुर्वेदी, ऋषभ सिंह राठौर का वन पाइंट वन सोल्यूशन हरियाणा की कम्पनी में अच्छे पैकेज पर चयन हुआ है। कम्पनी ट्रेड इंडिया रिसर्च ने राजस्थान तकनीकी विवि कोटा एवं कम्पनी वन पाइंट वन सोलूशनस, हरियाणा ने आगरा में प्लेसमेंट ड्राइव करवाई थी, जिसमें महाविद्यालय से विद्यार्थियों ने भाग लिया था। कॉलेज के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग के अधिकारी डॉ. अरुणा पाठक, राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि आगे भी देश की जानी मानी कम्पनी इस कॉलेज में प्लेसमेंट के लिए आएगी।

# Newspaper cutting and Photo

## इंजीनियरिंग कालेज के दो छात्रों का 3 लाख के पैकेज पर चयन

भरतपुर। राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के दो विद्यार्थियों तुषार जैन व अनस अंसारी का कालिंदी रेल निर्माण ड्राइव में 3 लाख रुपए के पैकेज पर चयन हुआ है। कम्पनी कालिंदी रेल निर्माण ड्राइव ने सेन्टर फॉर इलेक्ट्रॉनिक गवर्नेन्स जयपुर में 29 जुलाई को प्लेसमेंट ड्राइव करवाई गई थी। जिसमें इंजीनियरिंग कालेज भरतपुर से विद्यार्थियों ने भाग लिया था। चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों में की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा ली गई। इसके बाद टेक्निकल इन्टरव्यू, पोस्ट-प्लेसमेंट टॉक, ग्रुप डिस्कशन, एच.आर. राउंड के जरिए छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इसमें चयनित होने वाले सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी तुषार जैन एवं अनस अंसारी अपनी बी.टेक अन्तिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर कालिंदी रेल निर्माण ड्राइव में अपना रोजगार प्रारंभ करेंगे। इस कम्पनी में छात्र-छात्राओं को रोजगार मिलने से इंजीनियरिंग कालेज के सभी छात्र-छात्राएं उत्साहित हैं। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. रवि गुप्ता ने सभी चयनित विद्यार्थी को धन्यवाद दिया। कालेज में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग के अधिकारियों डा. प्रमोद कुमारी एवं राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि आगे भी देश की जानी मानी कम्पनी इस कालेज में प्लेसमेंट के लिए आएंगी।

भास्कर 2/8/19

## अभियांत्रिकी महाविद्यालय के सात रिसर्च प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

भरतपुर @ पत्रिका. राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर के अलग-अलग विभाग के सहायक आचार्यों के सात रिसर्च प्रोजेक्ट को ऑल इण्डिया काउंसिल फोर टेक्नीकल एजुकेशन (एआईसीटीई) की मंजूरी मिल गई है। कॉलाब्रेटिव रिसर्च स्कीम के तहत महाविद्यालय को चयनित प्रस्तावों के लिए 6 7.91 लाख रुपए का अनुदान मिलेगा, जिससे सभी रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए उपकरण व मूल संसाधन जुटाए जा सकें। एआईसीटीई से सम्बन्धित समस्त टेक्यूप-3 इंस्टीट्यूशन में कार्यरत सहायक आचार्यों से कॉलाब्रेटिव रिसर्च स्कीम के तहत प्रस्ताव मांगे थे। पोर्टल पर कॉलेज के प्रस्ताव अपलोड किए गए, जिनमें से सात प्रस्तावों की मंजूरी मिल गई है।

**इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी:** कॉलाब्रेटिव रिसर्च स्कीम के तहत सिविल इंजीनियरिंग के सहायक आचार्य डॉ. मुर्तजा हसन के इन्वायर्मेंट विषय से सम्बन्धित प्रस्ताव को, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग से मोहम्मद वासिद के इन्फॉरमेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नॉलोजी विषय व तुनिषा वार्ष्णेय के कम्प्यूटर विषय से सम्बन्धित प्रस्ताव को, इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग से डॉ. प्रतीक सिंघल के एनर्जी विषय से सम्बन्धित प्रस्ताव को, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से विभू गोयल के इलेक्ट्रॉनिक्स विषय से सम्बन्धित प्रस्ताव को, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से तरूण गोयल के एनर्जी विषय से सम्बन्धित और फिजिक्स से विनय प्रताप सिंह के फिजिक्स विषय से सम्बन्धित प्रस्तावों को शोध के लिए चुना गया है। चयनित प्रस्तावों की अनुमानित बजट राशि 6 7.91 लाख है जोकि महाविद्यालय के बैंक खाते में एआईसीटीई द्वारा जमा करवा दी जाएगी।

पत्रिका 21/6/2019

# Newspaper cutting and Photo



भास्कर 9/8/19

# इंजीनियरिंग कॉलेज के 12 विद्यार्थियों का 3-3 लाख रुपए के पैकेज पर हुआ चयन

भास्कर संवाददाता | भरतपुर

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के ट्रेनिंग एण्ड प्लेंसमेंट विभाग ने कालेज के छात्र-छात्राओं को रोजगार दिलाने के लिए लक्ष्य टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन्स एवं अकैडेमियागुरू कम्पनियों को कालेज में बुधवार को बुलाया। कम्पनी के एच.आर. एग्जिक्यूटिव ने कालेज के 12 विद्यार्थियों का चयन 3 लाख रुपए के पैकेज पर चयन किया है।

कालेज के सभी ब्रांच के करीब 60 छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार लिया गया। इसके साथ ही चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों में की गई, जिसमें सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं का असेस्मेंट टेस्ट लिया गया। इसके बाद ग्रुप डिस्कशन एवं एच.आर. राउण्ड के बाद छात्र-छात्राओं का चयन किया गया जिसके अन्तर्गत कालेज के 12 विद्यार्थियों का चयन 3 लाख के पैकेज पर किया गया। लक्ष्य टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन्स एवं अकैडेमियागुरू में चयनित होने वाले विद्यार्थियों में से 4 विद्यार्थी मैकेनिकल, 4 विद्यार्थी कम्प्यूटर साइंस, 1 विद्यार्थी इलैक्ट्रीकल, 2 विद्यार्थी इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन व 1 विद्यार्थी सिविल इंजीनियरिंग विभाग से था। चयनित हुए विद्यार्थी अपनी बी.टेक अन्तिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर लक्ष्य टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन्स एवं अकैडेमियागुरू कम्पनी में अपना रोजगार प्रारम्भ करेंगे। इन कम्पनियों द्वारा छात्र-छात्राओं को रोजगार मिलने से कालेज के सभी छात्र-छात्राएं उत्साहित हैं। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता एवं समन्वयक डा. बी.एल. गुप्ता ने सभी चयनित विद्यार्थी को धन्यवाद दिया। कालेज के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग के अधिकारी डा. प्रमोद कुमारी एवं अजय कुंतल ने बताया कि आगे भी देश की जानी मानी कम्पनी इस कालेज में प्लेसमेंट के लिए आएंगी एवं इन कम्पनियों में सभी ब्रांच के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग से दीपक भोला, मनीष उपाध्याय, कृष्ण कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

भरतपुर। इंजीनियरिंग कालेज में प्लेसमेंट सर्टिफिकेट लेकर खड़े विद्यार्थी।

